सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 225 | इंदौर, शनिवार 01 मार्च, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मोहन सरकार 12 मार्च को पेश करेगी बजट

## 10 मार्च से शुरू होने वाले विस सत्र में नौ बैठेंगे होंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मोहन यादव सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 12 मार्च को विधानसभा में पेश करेगी। इस बार का बजट चार लाख करोड़ से अधिक का होने का अनुमान है। सरकार ने बजट की तैयारियों पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। बजट सत्र में सरकार उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए विशेष प्रावधान कर सकती है। विधानसभा का सत्र 10 मार्च से शुरू होगा। इसमें पहले दिन राज्यपाल मंगूभाई पटेल का अभिभाषण होगा। 11 मार्च को राज्य सरकार आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करेगी। 12 मार्च को वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे।**




### कांग्रेस ने जताई आपत्ति

इस बजट सत्र में सिर्फ 9 बैठेकें होगी। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस सत्र में बैठकों की संख्या बढ़ाने की मांग कर रही है। 10 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित होने वाले सत्र में 14 से 16 मार्च तीन दिन होली का अवकाश रहेगा। इसके बाद 19 मार्च को रंगपंचमी का अवकाश और 22 और 23 मार्च को शनिवार और रविवार के चलते अवकाश रहेगा।

### दोनों पक्षों ने कसी कमर

विधानसभा सत्र की शुरुआत में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने अपने-अपने मुद्दों को सरकार के सामने रखने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। इस बार विधायक सदन में सवालों का जवाब पूछने के लिए एक नई रणनीति अपना रहे हैं। उन्होंने इस बार 2900 सवाल विधानसभा में उठाए हैं। इनमें से 1750 से ज्यादा सवाल ऑनलाइन और करीब 1150 सवाल ऑफलाइन हैं। ये सवाल विभिन्न विभागों से संबंधित हैं, जिनका जवाब विधायकों को पहले ही भेजा जा रहा है।

## PM मोदी ने नीतीश कुमार को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी**। बिहार में इन दिनों विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर बयानबाजी जारी है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम के अलावा भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है। नीतीश कुमार को बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नीतीश कुमार को टैग करते हुए लिखा, ''बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को उनके जन्मदिन पर ढेरों शुभकामनाएं। उनके नेतृत्व में राज्य विकास के नए पथ पर अग्रसर हुआ है। ईश्वर उन्हें स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन प्रदान करे।'' वहीं, अमित शाह ने कहा, ''बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में बिहार में NDA जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बना है। आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना करता हूं।'' केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार की प्रगति में उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं उनके दीर्घायु होने की और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।''

## इंदौर में देर रात बीआरटीएस हटाने का सिलसिला शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में 300 करोड़ की लागत से बने बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) को हटाने का काम शुरू हो गया है। पहले चरण में जीपीओ से शिवाजी वाटिका तक हटाई जानी है। पहले बस लेन की रेलिंग हटाई गई। बता दें कि बीआरटीएस को लेकर दो जनहित याचिकाएं हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में लगी थी। दोनों याचिकाओं को हाईकोर्ट की मुख्य पीठ ट्रांसफर किया गया था, गुरुवार को जबलपुर हाईकोर्ट ने बीआरटीएस हटाने का आदेश दिया। उसके बाद शुक्रवार देर रात से इंदौर के जीपीओ से लेकर शिवाजी वाटिका तक बीआरटीएस हटाने का काम शुरू भी हो गया। निगम की रिमूवल टीम ने रेलिंग को उखाड़ दिया। अब यहां सड़क ज्यादा चौड़ाई में होगी, लेकिन बस मिक्स लेन में चलेगी। निगम ने तय किया है कि जहां ट्रैफिक का दबाव है, वहां रेलिंग हटाने का काम पहले किया जा रहा है।

# प्रदेश में पारा 35 डिग्री पर, भोपाल में छाए बादल

## मार्च के पहले सप्ताह में बारिश की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्य प्रदेश मैं लगातार तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। प्रदेश में 35 डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया जा रहा है। वहीं कई जिलों में बादल भी छा रहे हैं। शुक्रवार को राजधानी में बादल छाए साथ तापमान में बढ़ोतरी हुई यहां का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में दिन के साथ रात का भी तापमान बढ़ा है। सागर में रात का तापमान 21.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो प्रदेश में सबसे कम पचमढ़ी में 12.4 डिग्री दर्ज किया गया।

मार्च में छाएंगे बादल होगी बारिश



मौसम विभाग का कहना है कि मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 2 मार्च से पश्चिम-उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। खासकर 4 मार्च से इंदौर, ग्वालियर, चंबल हिस्से में कहीं-कहीं मौसम बदला हुआ रह सकता है। इससे पहले दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आज भी प्रदेश के कई जिलों में बादल छा सकते हैं।

### ठंड और गर्म दोनों रहा फरवरी

फरवरी माह का आज आखिरी दिन है, इस महीने मध्य प्रदेश में मौसम की बात करें तो मौसम का मिला-जुला असर रहा। शुरुआती दिनों में ही तेज ठंड पड़ी, लेकिन दूसरे सप्ताह से ठंड जैसी गायब सी हो गई। अब भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत कई शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से अधिक ही रहा। वहीं, दिन में 35 डिग्री पार पहुंच चुका है। फरवरी के आखिरी दिन शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा, लेकिन मार्च के पहले सप्ताह में मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिल सकता है। उत्तर-पश्चिमी भारत में सक्रिय होने वाले वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर प्रदेश में 4 मार्च से देखने को मिल सकता है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम भी एक्टिव है। इस कारण भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे।

# पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे का सुरक्षित तरीके से निष्पादन प्रारंभ

## वायदे के मुताबिक इंदौर के कमिश्नर दीपक सिंह भी पीथमपुर में रहे मौजूद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। धार जिले के पीथमपुर के तारपुरा गांव में स्थित रामकी एनवायरो फैक्ट्री में शुक्रवार को यूनियन कार्बाइड के कचरे का निष्पादन सुरक्षा के सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ कर दिया गया। इंदौर के संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने पूर्व में जब निष्पादन प्रक्रिया पर संदेह व्यक्त किया जा रहा था तब यह वायदा किया था कि कचरा निष्पादन के दौरान वे स्वयं मौके पर मौजूद रहेंगे। वायदे को निभाते हुए संभागायुक्त श्री दीपक सिंह अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीथमपुर में मौजूद रहे। उन्होंने बताया है कि कचरा निष्पादन की पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक प्रारंभ हुई है और कहीं से भी कोई विपरीत परिस्थिति निर्मित नहीं हुई है।**

शुक्रवार सुबह से ही पीथमपुर स्थित रामकी संयंत्र में मध्य प्रदेश पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्र, आईजी श्री अनुराग, डीआईजी श्री निमिष अग्रवाल, एसपी श्री मनोज कुमार सिंह और मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे कचरे को भस्मक (इंसीनरेटर) में डाला गया। फैक्ट्री में पहले ट्रायल रन के तहत 10 टन कचरा नष्ट किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। फैक्ट्री परिसर के अंदर स्पेशल आर्म्ड फोर्स (SAF) के 130 जवान तैनात हैं, जबकि बाहर डीएसपी रैंक के अधिकारी तैनात हैं। पूरे क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू है।





### जनमानस में बना विश्वास का वातावरण

उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रशासन द्वारा पीथमपुर क्षेत्र में व्यापक जन जागरूकता का कार्य किया गया। आम जनता सहित विद्यार्थियों और विभिन्न संस्थाओं में जाकर कचरा निष्पादन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई और बताया कि यह समूची प्रक्रिया पूरी तरीके से सुरक्षित है और इसके कोई भी दुष्परिणाम क्षेत्र की मिट्टी अथवा जल में नहीं आएंगे। वातावरण में भी किसी भी तरह के हानिकारक गैस का प्रसारण नहीं होगा। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के मार्गदर्शन में व्यापक रूप से चलाए गए इस जनजागरूकता अभियान के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए और क्षेत्र में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ। कचरे के निपटान से पहले प्रशासन ने जन सहमति प्राप्त करने के लिए सक्रिय प्रयास किया। इसके तहत स्थानीय नागरिकों, पर्यावरण संगठनों, वैज्ञानिक विशेषज्ञों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित किया गया है ताकि निष्पादन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जा सके। यूनियन कार्बाइड कचरे का निष्पादन केवल तकनीकी या प्रशासनिक मामला नहीं है, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन और जनस्वास्थ्य से सीधा जुड़ा है। इसलिए निष्पादन प्रक्रिया में वैज्ञानिक मानकों का पूरी तरह पालन किए जाने की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है । प्रशासन ने जनता और पर्यावरणविदों के सुझावों को भी ध्यान में रखा है । लॉन्ग-टर्म प्लानिंग के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में कोई समस्याएं उत्पन्न न हों। प्रदूषण नियंत्रण के लिए सख्त नियमों और नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

धार जिला प्रशासन ने जनसंवाद के माध्यम से निष्पादन प्रक्रिया को पारदर्शी और लोकतांत्रिक बनाने का सराहनीय प्रयास किया है। जनता, वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों को शामिल करके जनसहयोग आधारित निर्णय प्रक्रिया अपनाई गई है।जब जनता और प्रशासन मिलकर कार्य करें, तो जटिल समस्याओं का सुरक्षित और स्थायी समाधान संभव हो सकता है। इस प्रक्रिया से न केवल यूनियन कार्बाइड कचरे का सुरक्षित निष्पादन सुनिश्चित होगा, बल्कि भविष्य के लिए एक आदर्श मॉडल भी स्थापित होगा।

**डेटा को देखा जा सकता ऑनलाईन-** मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा यूका कचरे के निष्पादन के सिलसिले में वेबलिंक जारी की गई है। वेबलिंक https://zoom.us/j/97533675938?pwd=D7i4UbyLahVwhpUOLjqhaabLZ5J6ix.1 के जरिए CEMS डेटा और Incin Stack देखा जा सकता है।

# उच्च न्यायालय इंदौर में 2 मार्च को होगा मध्यस्थता एवं लोक अदालत जागरूकता मैराथन का आयोजन

## जागरूकता मैराथन की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर के कैंपस में आगामी 02 मार्च 2025 को मध्यस्थता एवं लोक अदालत जागरूकता मैराथन का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन न्यायाधिपति श्री संजीव सचदेवा प्रशासनिक न्यायाधिपति/अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं न्यायाधिपति श्री विवेक रूसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति/अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय मिडिएशन कमेटी के निर्देशन में किया जा रहा है। मैराथन में समस्त न्यायाधिपतिगण के साथ-साथ जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, पुलिस अधिकारीगण, उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय के अधिवक्तागण, इंदौर जिले के सामुदायिक मध्यस्थगण, पैनल अधिवक्तागण, पैरा लीगल वालेंटियर, फोर्स अकेडमी के विद्यार्थीगण के साथ लॉ कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। उक्त जागरूकता मैराथन की तैयारी हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों, बैंक अधिकारियों, इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी एवं अधिवक्तागण के साथ प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव के कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव श्री अनूप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इंदौर शहर में विभिन्न स्थानों पर बैनर, पेम्पलेट के माध्यम से जागरूकता मैराथन में भाग लेने हेतु सूचित किया जा रहा है। प्रतिभागियों को ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन किये जाने हेतु पोस्टर के माध्यम से मैराथन लिंक एवं क्यू आर कोड का प्रचार किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त जागरूकता मैराथन में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# शेयर मार्केट में प्रॉफिट के नाम पर 8 लाख ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेन्द्र नगर रहने वाले एक व्यापारी के साथ शेयर मार्केट के नाम पर ठगी की गई। दो लोगो ने खुद को कंपनी का अफसर बताकर प्रॉफिट दिलाने के नाम पर करीब 8 अकाउंट में 8 लाख 84 हजार के लगभग अमाउंट अकाउंट में ट्रांसफर कराए। इस मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने गुरुवार को सेंचुरी पार्क हुक्माखेडी निवासी तरेन्द्र सिंह भाटिया की शिकायत पर राहुल शर्मा और मनीष कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित के पास इन्हीं दो लोगों के नंबर से कॉल आया करते थे।पुलिस के मुताबिक तरेन्द्रसिंह भाटिया को आरोपियों ने SMCLE कंपनी के ग्रुप में जोड़ा था। उन्हें अपनी कंपनी सेबी में रजिस्टर्स बताकर बोला था कि आप यहां जुड़कर घर बैठकर शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करते हुए प्रॉफिट बना सकते हैं। दो मोबाइल नंबरो से राहुल और मनीष बताकर ठगोरो ने चेटिंग की। इसके बाद उन्होंने शेयर मार्केट में रुपए डलवाए। तरनदीप सिंह के कोटक महिन्द्रा बैंक और यूनियन बैक से इंडसइंड बैक और पंजाब नेशनल बैंक के करीब 8 अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किए।

# महानाट्य 'हमारे राम' का मंचन आज

## आशुतोष राणा रावण और राहुल भुचर राम की भूमिका में करेंगे अभिनय



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विट्ठलभाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान की ओर से एक मार्च को इंदौर के *लता मंगेशकर सभागार* में महानाट्य 'हमारे राम' का मंचन होगा। शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस नाटक में बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा रावण की भूमिका में नजर आएंगे। राम का किरदार राहुल भुचर निभाएंगे।**

यह नाटक आधुनिक तकनीक और बेहतरीन अभिनय के लिए पूरे देश में चर्चित है। अब तक इसके 180 से ज्यादा सफल मंचन हो चुके हैं। हाल ही में इसका प्रदर्शन मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सभागृह में हुआ, जिसे देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियों ने देखा। प्रतिष्ठान के संयोजक ललित अग्रवाल और सह-संयोजक सुधीर मालवीया के अनुसार 'हमारे राम' सिर्फ एक नाट्य प्रस्तुति नहीं है। यह भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को मंच पर जीवंत करने वाला एक महाआख्यान है। विट्ठलभाई पटेल की स्मृति में पिछले दस वर्षों से प्रतिष्ठान कला और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय है। ललित अग्रवाल ने 'भुलाए नहीं भूलती भैया की याद' शीर्षक से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

IDA बोर्ड बैठक में फैसला

# स्कीम 136 में जल्द शुरू होगा बहुमंजिला निर्माण कार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शुक्रवार को आईडीए अध्यक्ष (कमिश्नर) दीपक सिंह की अध्यक्षता में संचालक मंडल की बैठक हुई। बैठक में स्कीम 136 में 20 मंजिला मल्टी के निर्माण, बड़ा गणपति ओवर ब्रिज के अलाइनमेंट सहित कई डेवलपमेंट कामों को मंजूरी दी गई।**



बैठक में स्कीम 136 के प्लॉट सी.एम. आर.-4 में आवासीय सह-वाणिज्यिक बहुमंजिला भवन का निर्माण किए जाने के लिए टेंडर मंजूरी पर सहमति बनी। यह प्रोजेक्ट 10 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में डेवलप किया जाएगा। इसमें आधुनिक सुविधाओं से युक्त 20 मंजिला मल्टी का निर्माण कराया जाएगा। मल्टी की प्रारंभिक दो मंजिलें बेसमेंट पार्किंग के लिए आरक्षित रहेंगी। कुल निर्मित क्षेत्र 38 हजार 600 वर्गमीटर होगा। भवन की ऊंचाई 60 मीटर होगी। इस लागत 120 करोड़ रु. की होगी। इस प्रोडेक्ट में 3, 4 और 5 बीएचके के कुल 90 प्रकोष्ठ का निर्माण किया जाएगा। ये 200, 270 और 320 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे। सभी प्रकोष्ठ समान संख्या में अर्थात प्रत्येक श्रेणी के 30-30 प्रकोष्ठों का निर्माण किया जाएगा। वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए 4600 वर्ग मीटर आरक्षित किया गया है। इसके अंतर्गत जिम, शोरूम, ऑफिस आदि बनाए जाएंगे। यह प्लॉट एयरपोर्ट से 17 किमी, बस स्टैंड और रेल्वे स्टेशन से 8 व 6 किमी और अस्पताल से मात्र 2 किमी की दूरी पर स्थित है। इस प्रोजेक्ट से आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे का विकास होगा। एक अन्य निर्णय में संचालक मंडल द्वारा ग्राम बिहाड़िया के सर्वे नंबर 68/1/1, 68/1/2, 96/1/1, 96/1/2 कुल रकबा 3.087 हेक्टेयर पर विकास कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति 7.30 करोड़ रुपए एवं ग्राम शिव नगर तहसील डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) जिला इन्दौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 34/1, 34/2, 34/3, 34/4 एवं 40 कुल रकबा 6.252 हेक्टेयर पर डेवलपमेंट काम के लिए 14.57 करोड़ रु. इस प्रकार कुल राशि 21.87 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। संचालक मंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की गाइड लाइन को प्राधिकारी में लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। संचालक मंडल द्वारा स्कीम 78 अरण्य में आवासीय उपयोग के प्लॉट 38-ए कार्नर (सामान्य) के लिए, फर्स्ट फेस-2 में औद्योगिक उपयोग के प्लॉट के लिए स्कीम 151 में, स्कीम 78 दूसरे फेस में (ऑक्सीडेशन पॉन्ड) में पीएसपी उपयोग के प्लॉट 4-बी (अजाज) के लिए और स्कीम 78 दूसरे फेस (ऑक्सीडेशन पॉन्ड) में पीएसपी उपयोग के प्लॉट 6 (मेजर रोड व कार्नर) के लिए टेंडर मंजूर किए गए हैं।

EOW ने किया पर्दाफाश

## बंगला, चार फ्लैट और दो प्लॉट... इंदौर नगर निगम में अधिकारी बने 'बेलदार' ने हर कोने में बनाई संपत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी राजेश परमार के घर और कार्यालय पर छापा मारा। अब तक की जांच में एक बंगला, चार फ्लैट और दो प्लॉट के दस्तावेज बरामद किए गए हैं। छानबीन अभी जारी है। इस कार्रवाई से इंदौर में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि सेवा में रहने के दौरान राजेश परमार ने अकूत संपत्ति बनाई है।**



राजेश परमार

सूत्रों के अनुसार, परमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत दर्ज होने के बाद यह कार्रवाई की गई। EOW की दो टीमों ने एक साथ छापेमारी की, एक टीम ने बिजलपुर स्थित घर, जबकि दूसरी टीम ने श्रीजी वैली, बिचौली मर्दाना में जांच की। छापे के दौरान स्थानीय पुलिस की मदद ली गई। हालांकि, परमार का कार्यालय बंद मिला। EOW डीएसपी मधुर रीना गौड़ ने बताया कि अब तक कुछ संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं, लेकिन उनकी सटीक कीमत का आंकलन जांच पूरी होने के बाद ही किया जा सकेगा। प्राथमिक अनुमान के मुताबिक, संपत्तियों की कुल कीमत करोड़ों रुपए हो सकती है। राजेश परमार की नगर निगम में शुरुआत बेलदार पद से हुई थी। बाद में प्रमोशन पाकर वह सहायक राजस्व अधिकारी बना। हाल ही में, अनियमितताओं के आरोप में उसे निलंबित कर दिया गया था। नौकरी के दौरान परमार ने स्वयं और परिवार के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं।

### बरामद संपत्तियों की सूची

1. बिजलपुर में दो मंजिला मकान (2600 वर्गफीट निर्मित क्षेत्र)।
2. संचार नगर में फ्लैट।
3. संपत ग्रीन में 1600 वर्गफीट का प्लॉट।
4. श्रीजी वैली में फ्लैट।
5. पिपलियाहाना स्थित उदयनगर कॉलोनी में प्लॉट।
6. खुशबू विला में फ्लैट।
7. सैटेलाइट वैली में फ्लैट।

EOW की टीम दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई में बैंक खाते, निवेश और अन्य संपत्तियों की भी जांच की जाएगी। आशंका जताई जा रही है कि परमार ने अपनी वास्तविक आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है।

## अचानक तबीयत बिगड़ने से युवती की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय युवती की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

एरोड्रम पुलिस के अनुसार, निशा (23) पुत्री मेवालाल मौर्य, निवासी आम कुंज, को उसके पड़ोसी सचिन और उनके पिता रात करीब 2 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने आधे घंटे तक इलाज किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। मृतका के भाई भरत ने बताया कि निशा को रात में अचानक पेट दर्द हुआ। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसने पड़ोसी सचिन को बुलाने के लिए कॉल किया। निशा ने कहा कि उसे तुरंत अस्पताल ले चलें, क्योंकि उसके पास 'समय कम है'। इस पर सचिन अपने पिता को साथ लेकर उसे एक्टिवा से अस्पताल लेकर गया। परिजनों के अनुसार, निशा ने कुछ समय पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। उसके भाई भरत साउंड सिस्टम का काम करते हैं, जबकि पिता नगर निगम से माली के पद से रिटायर्ड हैं। फिलहाल, युवती की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### बाइक सवार बदमाश वकील से मोबाइल लूटकर फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तिलक नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक वकील का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना उस वक्त हुई जब वकील नमन माहेश्वरी रात में खाना खाने के बाद सड़क पर टहलते हुए मोबाइल पर बात कर रहे थे। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नमन माहेश्वरी, निवासी बिचौली मर्दाना, पेशे से वकील हैं। रात करीब 9 बजे वे डग विला सेंटर, स्कीम नंबर 140 के पास पहुंचे। इसी दौरान बिना नंबर की बाइक पर दो युवक आए और पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया। नमन ने तुरंत उनका पीछा किया, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार में बाइक भगाकर फरार हो गए। घटना के बाद नमन ने घरवालों को सूचना दी और तिलक नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म

### अश्लील फोटो से करता रहा ब्लैकमेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर पुलिस ने एक नर्सिंग छात्रा की शिकायत पर उसके प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और मारपीट का केस दर्ज किया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर छात्रा से संबंध बनाए और बाद में उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा। छिंदवाड़ा की रहने वाली 27 वर्षीय छात्रा 2022 में नर्सिंग की सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए इंदौर आई थी। वह यहां चंद्रनगर की एक लाइब्रेरी में पढ़ाई करने जाती थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपी नील गगन से हुई। धीरे-धीरे दोनों की बातचीत बढ़ी और आरोपी ने उसे प्यार और शादी का झांसा दिया। अप्रैल 2023 में आरोपी ने उसे अपने कमरे पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह बार-बार उसे बुलाने लगा। इस दौरान उसने चोरी-छिपे छात्रा की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें भी ले लीं, जिनका इस्तेमाल वह उसे धमकाने और ब्लैकमेल करने के लिए करने लगा। अक्टूबर 2023 में जब छात्रा गर्भवती हुई, तो उसने आरोपी को इसकी जानकारी दी। नील गगन ने उसे कुछ दवाइयां देकर गर्भपात करने की कोशिश की, लेकिन जब इसका असर नहीं हुआ, तो उसे एक डॉक्टर के पास ले गया। डॉक्टर ने सोनोग्राफी के बाद बताया कि गर्भ का कुछ हिस्सा शरीर में रह गया है, जिससे तबीयत बिगड़ सकती है। इसके बाद आरोपी ने उसे एपल अस्पताल, भंवरकुआ में भर्ती कराया, जहां तीन दिन तक उसका इलाज चला। गर्भपात के बाद भी आरोपी लगातार उसे संबंध बनाने के लिए मजबूर करता रहा। जब छात्रा ने मना किया, तो उसने मारपीट शुरू कर दी और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे उसके भाई को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने लगा।


### समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

घोषणा

फार्म-4

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : | इंदौर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 5. सम्पादक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : | पुष्पेंद्र पुष्प 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |

मैं पुष्पेंद्र पुष्प प्रकाशक, मुद्रक एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकृत जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

01 मार्च 2025

प्रकाशक के हस्ताक्षर
पुष्पेंद्र पुष्प

इंदौर और खरगोन में छापेमारी की कार्रवाई

# 400 करोड़ रुपए के बोगस बिल और 100 करोड़ रुपए के प्रापर्टी के दस्तावेज जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। आयकर विभाग ने इंदौर और खरगोन में की गई छापेमारी की कार्यवाही में 400 करोड़ रुपए के बोगस बिल और 100 करोड़ रुपए के प्रापर्टी के दस्तावेज जब्त किए हैं। दोनों ही जिलों में चार कारोबारियों के ठिकानों पर की गई कार्यवाही में 11.50 करोड़ रुपए के कैश व ज्वेलरी मिली है।**

जांच टीम ने इसके अलावा 100 करोड़ रुपए के प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी जब्त किए हैं। इसके अलावा हुंडी से संबंधित रिकार्ड भी आयकर ने कब्जे में लिए हैं। विभाग के अफसरों की टीम ने 18 फरवरी को यह छापेमारी इंदौर में तीन ठिकानों पर और खरगोन जिले के भीकनगांव में की थी। इंदौर में सिंडीकेट प्रशांत शर्मा और हर्ष जैन, अवधेश दीक्षित तथा भीकनगांव में अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज के संचालक रामस्वरूप अग्रवाल के ठिकानों पर 21 फरवरी यानी चार दिन तक कार्यवाही चली थी। जांच के दौरान आयकर




विभाग की टीम को इन सबके ठिकानों पर 7.50 करोड़ रुपए कैश और 3.50 करोड़ रुपए की ज्वैलरी मिली है। इसके अलावा हुंडी के दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। आयकर अधिकारियों को इस छापे में आर्गेनिक कॉटन सप्लाई के 400 करोड़ रुपए के बोगस बिल मिले थे। यह बोगस बिल कॉटन की सप्लाई किए बगैर जारी कर दिए जाते थे और इसका भुगतान दिखा दिया जाता था। इस पूरे मामले में फेक बिल तैयार करने के मामले में अनंत एग्रो के रामस्वरूप अग्रवाल के अलावा अवधेश दीक्षित और प्रशांत व हर्ष के नाम सामने आए हैं। आयकर अफसरों की टीम ने प्रशांत शर्मा और हर्ष जैन सिंडीकेट के यहां से 100 करोड़ रुपए के प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी जब्त किए हैं। जांच टीम ने इनके ठिकानों से जांच के लिए तीन से अधिक लॉकर भी जब्त किए थे। आयकर विभाग की टीम ने 18 फरवरी को इंदौर में बालाजी विहार, महू नाका स्थित कारोबारी अवधेश दीक्षित, नवलखा में छापा मारा था। दीक्षित रियल एस्टेट से जुड़े हैं। उनके परिवार की ग्लोबल ट्रेड वेंचर्स प्रा. लि. कंपनी है। इंदौर में ही सिंडीकेट प्रशांत शर्मा, हर्ष जैन के यहां भी छापेमारी हुई थी। इसके साथ ही खरगोन के भीकनगांव में कॉटन कारोबारी की फर्म अनंत एग्रो में टीम छानबीन की गई थी। झिरन्या रोड स्थित अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज के मालिक राम स्वरूप अग्रवाल का भीकनगांव के अलावा खंडवा और इंदौर में भी फर्म के नाम से कारोबार है। उनका ऑर्गेनिक कॉटन के अलावा जमीनों की खरीदी बिक्री का कारोबार है।

## पत्नी की हत्या कर बेटे से कहा-मां को मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर में खाना नहीं देने से नाराज शख्स ने पत्नी की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। आरोपी दूसरे कमरे में जाकर सो गया। इसके बाद घर में ताला लगाकर निकल गया। तीन किलोमीटर दूर बेटे के घर जाकर कहा- तुम्हारी मां को मार डाला, लाश घर पर पड़ी है। जाकर देख लो। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर गुरुवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गोरखपुर के मांडवा बस्ती में बुधवार रात की है। यहां सुशील यादव (54) ने घर आकर पत्नी रमा (50) से खाना मांगा। जब काफी देर तक रमा ने खाना नहीं दिया तो सुशील ने उसे धक्का दे दिया। पत्नी नाराज होकर कमरे में चली गई। सुशील ने फावड़ा उठाया और रमा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पत्नी को अधमरा छोड़कर आरोपी सुशील पहले तो दूसरे कमरे में जाकर सो गया। गुरुवार को दिन में वह रमा के पास गया। उसे अचेत देखकर सुशील समझ आ गया कि उसकी मौत हो गई है। दोपहर को घर में ताला लगाकर वह बेटे शुभम यादव के घर गया और हत्या की जानकारी दी। उसने चाबी देकर कहा कि घर पर ताला लगा है। पहले तो शुभम को अपने पिता की बात पर भरोसा नहीं हुआ। आनन-फानन में वह राजा मांडवा बस्ती पहुंचा। कमरे में जाकर देखा तो मां मृत हालत में उसकी मां पड़ी हुई थी। बेटे ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी की तलाश शुरू की गई।

## सोनोग्राफी रूम में मिला सीसीटीवी कैमरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर मालवा, एजेंसी।** आगर-मालवा में सीएमएचओ डॉ. राजेश गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को सक्सेना हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान हॉस्पिटल में बिना अनुमति सोनोग्राफी मशीन का संचालन पाया गया। सोनोग्राफी रूम में सीसीटीवी कैमरा भी लगा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नियम उल्लंघन देखते हुए सोनोग्राफी कक्ष को सील करने की कार्रवाई शुरू की।इसी दौरान किसी व्यक्ति ने सोनोग्राफी मशीन पर केमिकल डाल दिया। हॉस्पिटल की संचालक डॉ.



अपर्णा के पति डॉ. शशांक सक्सेना और सीएमएचओ के बीच बहस हुई। डॉ. शशांक एक सरकारी डॉक्टर हैं। मामला आगर थाने तक पहुंचा। सीएमएचओ की शिकायत पर डॉ. शशांक सक्सेना पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया। वहीं डॉ. अपर्णा सक्सेना ने सोनोग्राफी मशीन को नुकसान पहुंचाने का शिकायती आवेदन दिया है।

## MP के 21 लाख श्रमिकों का वेतन बढ़ा

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के 21 लाख श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में 1625 से 2434 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि हुई है। श्रमिकों को यह लाभ मार्च 2025 से ही मिलेगा। हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के फैसले के बाद श्रम विभाग ने गुरुवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि विभाग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि बढ़े हुए वेतन का 11 माह का एरियर दिया जाएगा या नहीं, पर श्रमिक संगठन मानकर चल रहे हैं कि उन्हें अप्रैल 2024 से ही बढ़ा वेतन और एरियर मिलेगा। क्योंकि कोर्ट ने मध्य प्रदेश टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन की वेतनवृद्धि की अधिसूचना के खिलाफ लगी याचिका खारिज कर दी थी।

## समाज वादी पार्टी का दावा कोरोना वैक्सीन से हो रही युवाओं की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने बड़ा आरोप लगाया है उन्होंने कहा है कि कोरोना वैक्सीन से प्रदेश के युवाओं की मौत हो रही है। जिस पर सरकार स्पष्ट जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है, लेकिन सरकार इन पर ठोस जवाब देने के बजाय चुप्पी साधे बैठी है। मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी संगठन को मजबूत करने सदस्यता अभियान चलाएगी। 1 मार्च से प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलेगा इस सदस्यता अभियान में 2 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रदेश के सभी संभागों में प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि समाजवादी पार्टी, मध्य प्रदेश, 1 मार्च से 31 मार्च तक एक व्यापक सदस्यता अभियान चला रही है, जिसमें हर नागरिक को पार्टी से जुड़ने और सामाजिक न्याय, समानता व प्रगति की इस यात्रा का हिस्सा बनने का मौका दिया जा रहा है। यह अभियान प्रदेशभर में समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने और जनता की आवाज़ को सत्ता के केंद्र तक पहुंचने का एक सुनहरा अवसर है।

## प्रेम विवाह से आहत पिता ने जिंदा बेटी का रखा मृत्यु भोज

### फोटो पर स्वर्गीय लिखकर पुष्प किए अर्पित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीचम, एजेंसी। मध्य प्रदेश के नीमच से एक खबर सामने आई है, जब एक युवती ने प्रेम विवाह किया, तो उसके माता-पिता ने उसे मृत मान लिया। केवल इतना ही नहीं, लड़की के परिजनों ने बाकायदा उसका मृत्युभोज का भी आयोजन किया। जिसके बाद से यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।**





दरअसल, मामला बरूखेड़ा गांव का है। जब 19 वर्षीय निकिता माली ने अपने ही समाज के युवक प्रदीप माली से प्रेम विवाह कर लिया। 24 फरवरी को दोनों अचानक लापता हो गए, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी शादी की तस्वीरें वायरल हुईं। बता दें कि मंदिर में शादी करने के बाद दोनों ने अपने परिवार को इसकी जानकारी नहीं दी। इधर, परिजन लगातार दोनों की तलाश कर रहे थे। इतने में जैसे ही उनकी तस्वीरें देखी गई, लड़की के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। युवती के पिता गोवर्धन माली को जब यह खबर मिली, तो उन्होंने निकिता को समाज और परिवार के लिए 'मृत' घोषित कर दिया। उन्होंने अपनी बेटी से सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला लिया। साथ ही पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से उसका मृत्युभोज आयोजित किया। इस दौरान निकिता के परिवार ने उसकी फोटो पर स्वर्गीय लिखकर पुष्प अर्पित किए और गांवभर के लोगों को भोज में आमंत्रित किया। परिवार का मानना था कि निकिता ने समाज की मर्यादा का उल्लंघन किया है और अब वह उनके लिए नहीं रही। घटना की जानकारी मिलते ही नीमच सिटी थाना पुलिस ने निकिता और प्रदीप को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। पूछताछ में निकिता ने प्रदीप के साथ रहने की इच्छा जाहिर की। कानूनी रूप से बालिग होने के कारण पुलिस ने उसे प्रदीप को सौंप दिया।

## भोपाल की सड़कों पर दिखी 'शराबी परी'! कभी दी फ्लाइंग किस तो कभी गालियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां भोपाल की सड़कों पर एक लड़की को नशे की हालत में झूमते देखा जा सकता है. लड़की नशे की हालत में बाइक पर सवार होकर आस पास के लोगों को फ्लाइंग किस देती नजर आ रही है. सिर्फ फ्लाइंग किस ही नहीं बल्कि पूरे रास्ते उसे गालियां देते भी सुना जा सकता है. दो दिनों से लड़की का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. लड़की को इस अंदाज में देख लोग तरह- तरह के कॉमेंट कर रहें हैं. वायरल वीडियो राजधानी भोपाल की है जहां देर रात तेज रफ्तार बाइक पर सवार एक लड़की नशे की हालत में झूमते नजर आ रही है. लड़की नशे में इतनी धुत थी कि उसे कुछ होश हवास नहीं था. सड़क के अगल-बगल से आने जान वाली गाड़ियों को ना सिर्फ ये लड़की फ्लाइंग किस देती नजर आई बल्कि पूरे रास्ते जोर-जोर से गालियां भी दे रही थी.



वीडियो में नशे की हालत में धुत लड़की को दो युवकों के बीच बाइक पर खड़े होकर स्टंट करते भी देखा जा सकता है. सड़क पर उत्पात मचा रही लड़की का ये वायरल वीडियो भोपाल के vip रोड का बताया जा रहा है. वीडियो में कैद हुई लड़की का ये दृश्य लोगों को काफी हैरान कर रहा है. दो दिनों से वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है. बताया जा रहा कि वीडियो में दिख रही लड़की की पहचान नहीं हो पाई है लेकिन राहगिरों ने बाइक का नंबर नोट कर लिया था. वीडियो में दिख रही काले रंग की बाइक महाराष्ट्र की बताई जा रही है. बसंत कौल ने बताया कि वीआईपी रोड पर काले रंग की बाइक पर सवार युवती और दो युवकों का वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। लड़की तेज रफ्तार में चलती बाइक पर खड़ी नजर आ रही है। राहगीरों ने इस वीडियो को फिल्माया है। वीडियो में दिख रही बाइक के नंबर के आधार पर जल्द तीनों को गिरफ्तार कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक में घुसी कार, 4 की मौत


**महोबा, एजेंसी।** महोबा में तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौत हो गई। कार पूरी तरह से डैमेज हो गई। कार ट्रक में फंस गई। ट्रक 50 मीटर तक कार को घसीटते हुए ले गया। ट्रक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। एक घंटे तक चार लोग कार में तड़पते रहे। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी की मदद से कार को अलग किया। कार सवार भोपाल के रहने वाले थे। हादसा शुक्रवार सुबह कानपुर-सागर हाईवे पर श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र में बरा स्टैंड के पास हुआ। कार सवार महाकुंभ से स्नान करके भोपाल लौट रहे थे।

## संपादकीय

### EU समूह भारत के साथ सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की संभावना तलाशेगा

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका से गहराते मतभेद के बीच यूरोप भारत के साथ मजबूत दोस्ती की पींगे बढ़ाने को आतुर दिख रहा है। आपसी संबंधों को इक्कीसवीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से एक बनने की क्षमता वाला करार दिया है। यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन भारत आईं हैं। उन्होंने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए यूरोपियन यूनियन (EU) का समर्थन देने का वादा किया है। साथ ही, उन्होंने एक बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि 27 देशों वाला EU समूह भारत के साथ सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की संभावना तलाशेगा। जैसे जापान और दक्षिण कोरिया के साथ EU की साझेदारी है, वैसी ही साझेदारी भारत के साथ भी होगी। वॉन डेर लेयन ने व्यापार, तकनीक और कनेक्टिविटी को भारत-EU संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाना। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से एक बन सकता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प या उनके सहयोगियों के साथ व्यवहार के बारे में सीधे तौर पर बात नहीं की। लेकिन उन्होंने कहा कि प्रभाव क्षेत्रों और अलगाववाद वाली दुनिया से भारत और EU दोनों को नुकसान होगा। सहयोग और साथ मिलकर काम करने वाली दुनिया से दोनों को फायदा होगा। उन्होंने कहा, 'क्योंकि हम एक-दूसरे को विशिष्ट विकल्प और उपकरण दे सकते हैं ताकि आज की दुनिया में हम खुद को मजबूत, अधिक सुरक्षित और अधिक संप्रभु बना सकें। ऐसा प्रस्ताव जो वास्तव में दूसरों द्वारा दोहराया नहीं जा सकता है।' भारत के साथ एक नई सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर वॉन डेर लेयन ने कहा कि इससे दोनों पक्षों को साझा खतरों का मुकाबला करने में मदद मिलेगी। चाहे वो सीमा पार आतंकवाद हो, समुद्री सुरक्षा खतरे हों, साइबर हमले हों या नई घटना: महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले।

# धूर्त बिल्ली का न्याय



बहुत पुरानी बात है, एक जंगल में एक बहुत बड़े पेड़ के तने में एक खोल था। उस खोल में कपिंजल नाम का एक तीतर रहा करता था। हर रोज वह खाना ढूंढने खेतों में जाया करता था और शाम तक लौट आता था।

एक दिन खाना ढूंढते-ढूंढते कपिंजल अपने दोस्तों के साथ दूर किसी खेत में निकल गया और शाम को नहीं लौटा। जब कई दिनों तक तीतर वापस नहीं आया, तो उसके खोल को एक खरगोश ने अपना घर बना लिया और वहीं रहने लगा।

लगभग दो से तीन हफ्तों बाद तीतर वापस आया। खा-खाकर वह बहुत मोटा हो गया था और लंबे सफर के कारण बहुत थक भी गया था। लौट कर उसने देखा कि उसके घर में खरगोश रह रहा है। यह देख कर उसे बहुत गुस्सा आ गया और उसने झल्लाकर खरगोश से कहा, "ये मेरा घर है। निकलो यहां से।"

तीतर को इस तरह चिल्लाते हुए देख खरगोश को भी गुस्सा आ गया और उसने कहा, "कैसा घर? कौन सा घर? जंगल का नियम है कि जो जहां रह रहा है, वही उसका घर है। तुम यहां रहते थे, लेकिन अब यहां मैं रहता हूं और इसलिए यह मेरा घर है।"

इस तरह दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। तीतर बार-बार खरगोश को घर से निकलने के लिए कह रहा था और खरगोश अपनी जगह से टस से मस नहीं हो रहा था। तब तीतर ने कहा कि इस बात का फैसला हम किसी तीसरे को करने देते हैं।

उन दोनों की इस लड़ाई को दूर से एक बिल्ली देख रही थी। उसने सोचा कि अगर फैसले के लिए ये दोनों मेरे पास आ जाएं, तो मुझे इन्हें खाने का एक अच्छा अवसर मिल जाएगा।

यह सोच कर वह पेड़ के नीचे ध्यान मुद्रा में बैठ गई और जोर-जोर से ज्ञान की बातें करने लगी। उसकी बातों को सुनकर तीतर और खरगोश ने बोला कि यह कोई ज्ञानी लगती है और हमें फैसले के लिए इसके ही पास जाना चाहिए।

उन दोनों ने दूर से बिल्ली से कहा, "बिल्ली मौसी, तुम समझदार लगती हो। हमारी मदद करो और जो भी दोषी होगा, उसे तुम खा लेना।"

उनकी बात सुनकर बिल्ली ने कहा, "अब मैंने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है, लेकिन मैं तुम्हारी मदद जरूर करूंगी। समस्या यह है कि मैं अब बूढ़ी हो गई हूं और इतने दूर से मुझे कुछ सुनाई नहीं दे रहा है। क्या तुम दोनों मेरे पास आ सकते हो?"

उन दोनों ने बिल्ली की बात पर भरोसा कर लिया और उसके पास चले गए। जैसे ही वो उसके पास गए, बिल्ली ने तुरंत पंजा मारा और एक ही झपट्टे में दोनों को मार डाला।

### कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें झगड़ा नहीं करना चाहिए और अगर झगड़ा हो भी जाए, तो किसी तीसरे को बीच में आने नहीं देना चाहिए।

## रंग भरो



New Delhi

# बेमौसम बारिश ने ले ली पांच की जान, ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, इन राज्यों में बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली**। देश के अलग-अलग हिस्सों में बेमौसम बारिश की वजह से एक बार फिर ठंड लौट आई है। कई जगहों पर जनवरी वाली ठंड का अहसास हो रहा है। वहीं बारिश और ओलावृष्टि की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है। जम्मू-कश्मीर में बारिश खी वजह से कम से कम 5 लोगों की जान चली गई। वहीं जम्मू-श्रीनगर हाइवे को भूस्खलन की वजह से बंद कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कई जगहों पर हाइवे पर बड़े-बड़े पत्थर गिर गए हैं।

उधमपुर जिले में शुक्रवार को सड़क पर एक बड़े पत्थर के गिरने की वजह से 50 साल की शनो देवी



और उनके बेट रघु (25) साल की मौत हो गई। वहीं कठुआ के राजबाग इलाके में उझ नदी में फंसे 11 मजदूरों को निकाला गया। अचानक आई बाढ़ की वजह से मजदूर नदी में फंस गए थे। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने निकी तवी नदी से एक ट्रक ड्राइवर को निकाला।

**कई इलाकों में जमकर बर्फबारी-** जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में जमकर बर्फबारी भी हुई। रामसू और काजीगुंड में बर्फबारी की वजह से आवाजाही बंद हो गई है। नाशरी और बनिहाल के बीच भी शाम को ट्रैफिक बंद था। भूस्खलने की वजह से बटोटे-डोडा मार्ग को भी बंद कर दिया गया। इसके अलावा बर्फबारी की वजह से मुगल रोड को भी बंद करना पड़ा।

Uttarpradesh

## लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बड़ा सड़क हादसा, ट्रक में पीछे से घुसी डबल डेकर बस; चार की मौत...कई घायल

**आगरा**। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि 12 से अधिक घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, आगरा के फतेहाबाद थाना इलाके में लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के डबल डेकर बस पीछे से ट्रक में घुस गई। हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हो गए। ये बस बनारस से आगरा की ओर आ रही थी। एक साइड से बस के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस-वे पर बस तेज गति से चल रही थी। अचानक ड्राइवर बस से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक में टक्कर लगने के बाद बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद बस में फंसे लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। जिस समय हादसा हुआ, उस वक्त सभी यात्री गहरी नींद में थे। अचानक एक जोरदार झटका लगा।आगे की सीटों पर बैठे लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

Gujrat

## 13 साल पहले टूटी थी सगाई, अब नंबर ब्लॉक करने पर भड़की महिला, एक्स मंगेतर पर कार चढ़ाई, फिर मारा चाकू!

**अहमदाबाद. गुजरात के अहमदाबाद से चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक महिला ने 13 साल बाद अपने पूर्व मंगेतर को कार से टक्कर मार दी और उस पर चाकू से भी हमला किया. दरअसल, 13 वर्ष पहले महिला की सगाई टूट गई थी, जिसकी वजह से वह युवक से रंजिश रख रही थी. महिला ने युवक पर हमला कर कहा कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं कर रहे और मेरा नंबर क्यों ब्लॉक कर दिया है? इसके बाद महिला ने उसके पेट, कमर और पीठ पर चाकू से तीन बार वार किया. इस दौरान जैसे-तैसे युवक जान बचाकर भाग निकला.**

जानकारी के अनुसार, यह घटना 25 फरवरी की सुबह हुई. यहां जय नाम का युवक अपनी टू-व्हीलर से कहीं जा रहा था. उसी दौरान अचानक रिंकी नाम की महिला ने अपनी कार से जय को टक्कर मार दी. इसके बाद वह गुस्से में युवक से पूछने लगी कि मुझसे बात क्यों नहीं कर रहा, मेरा नंबर क्यों ब्लॉक कर दिया, इसी के साथ महिला ने चाकू से युवक पर अटैक कर दिया.

चाकू के वार से घायल जय जान बचाकर दौड़ा. एक वाहन से लिफ्ट लेकर घटनास्थल से भाग निकला. इसके बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस से की. पुलिस का कहना है कि जय अहमदाबाद के शेला इलाके का रहने वाला है. 13 साल पहले उसकी सगाई रिंकी से हुई थी. इसके बाद कुछ पारिवारिक विवादों के चलते सगाई टूट गई. बाद में साल 2016 में जय ने किसी और लड़की से शादी कर ली. उधर रिंकी की भी शादी हो गई.

Uttarpradesh

## TCS मैनेजर के बाद आगरा के जितेंद्र का वीडियो वायरल, गर्लफ्रेंड से परेशान होकर की आत्महत्या

**किरावली**। आगरा में टीसीएस मैनेजर मानव शर्मा की आत्महत्या वीडियो वायरल होने के बाद अब किरावली में थाना अछनेरा क्षेत्र में 16 फरवरी को युवक ने आत्महत्या की थी। शुक्रवार को युवक का सुसाइड नोट और वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। युवक ने आत्महत्या के लिए प्रेमिका और उसके परिजनों को जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों की तहरी पर पुलिस ने प्रेमिका और उसके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

जितेंद्र कुमार उर्फ बंटी बघेल पुत्र राजेंद्र सिंह दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। किसी प्राइवेट कंपनी में कार्यरत था। उसने संदिग्ध परिस्थितियों में 16 फरवरी को घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद परिजनों को मालूम हुआ कि जितेंद्र ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो और सुसाइड नोट छोड़ा था। वीडियो और सुसाइड नोट में उसने अपनी प्रेमिका और उसके परिजनों पर धमकाने और धनराशि हड़पने के बावजूद शादी नहीं करने का जिक्र किया था। अब परिजनों ने थाना अछनेरा में सुसाइड नोट में नामजदों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने प्रेमिका नीरू, उसके भाई मनोज, सौरभ, पिता कमल सिंह फौजी और मां मीना देवी के विरुद्ध इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। अछनेरा के थाना प्रभारी, विनोद मिश्रा ने कहा कि घटना की समस्त तथ्यों पर जांच की जा रही है। मृतक के मोबाइल फोन की सीडीआर और सोशल मीडिया अकाउंट की पोस्ट की तकनीकी जांच कराई जा रही है। प्रेमिका, उसके भाई और माता-पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक जितेंद्र द्वारा अपने 2:29 मिनट के वीडियो में बोला जा रहा है कि उसका जिस लड़की से अफेयर था, वह उसके साथ शादी करना चाहता था। शादी की आड़ में लड़की ने धीरे धीरे लगभग सात लाख रुपये हड़प लिए।

खेल

## सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान को चमत्कार की आस

**लाहौर, (एजेंसी)** अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लाहौर में खेला गया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया और मैच बेनतीजा रहा। मैच दोबारा नहीं होने का फायदा ऑस्ट्रेलियाई टीम को हुआ जिसने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अफगानिस्तान की उम्मीद धूमिल हो गई हैं, लेकिन उसका सफर आधिकारिक रूप से अभी खत्म नहीं हुआ है। अफगानिस्तान की नजरें अब दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले पर टिकी होंगी। दक्षिण अफ्रीका की हार अफगानिस्तान के लिए दरवाजे खोल सकती है। भारत और न्यूजीलैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम रही। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को अपने पहले मैच में हराया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसका दूसरा मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा था और अब अफगानिस्तान के खिलाफ मैच



में पूरा नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह ग्रुप चरण में तीन में से एक मैच जीता और चार अंक लेकर सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के अब तीन-तीन अंक है और यह दोनों टीमें तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अगर दक्षिण अफ्रीका इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने में सफल रही तो पांच अंक लेकर ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। अगर दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा और उसका नेट रन रेट अफगानिस्तान से कम रहा तो अफगानिस्तान आगे बढ़ सकती है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका का नेट रन रेट अफगानिस्तान से काफी बेहतर है और कोई चमत्कार ही अब अफगानिस्तान को सेमीफाइनल का टिकट दिला सकता है। अफगानिस्तान की नजरें अब दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले पर टिकी होंगी। दक्षिण अफ्रीका की हार अफगानिस्तान के लिए दरवाजे खोल सकती है। इस मैच में इंग्लैंड अगर पहले बल्लेबाजी करने उतरता है तो दक्षिण अफ्रीका को कम से कम 207 रनों से हराना होगा। वहीं, जोस बटलर के नेतृत्व वाली टीम अगर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरती है तो उन्हें 11.1 ओवर के अंदर लक्ष्य हासिल करना होगा। इससे पहले, अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 274 रनों का लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया ने मैच रुकने तक 12.5 ओवर में एक विकेट पर 109 रन बना लिए थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड 40 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्का की मदद से 59 रन और कप्तान स्टीव स्मिथ 19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कंगारू टीम ने मैथ्यू शॉर्ट का विकेट गंवा दिया था जो 15 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 165 रन और बनाने थे, लेकिन बारिश रुकने के बावजूद मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका क्योंकि मैदान काफी गीला था।

सिनेमा

## कंगना रनौत और जावेद अख्तर ने कानूनी जंग खत्म कर की दोस्ती, अब 'क्वीन' के लिए लिखेंगे गाने



कंगना रनौत और जावेद अख्तर के बीच लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई खत्म हो चुकी है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। कंगना ने यह अपडेट अपने इंस्टाग्राम पर मजेदार तरीके से दिया है। उन्होंने जावेद अख्तर के साथ हंसते हुए फोटो साझा करके लिखा है कि अब जावेद उनकी अगली फिल्म के लिए गाना लिखेंगे। कंगना ने इंस्टाग्राम पर जावेद अख्तर के साथ एक तस्वीर लगाई है। इसमें लिखा है, 'जावेदजी और मैंने मध्यस्थता से कानूनी मसला (मानहानि का) सुलझा लिया है। मध्यस्थता में जावेदजी काफी दयालु रहे, वह मेरे अगले डायरेक्टोरियल के लिए गाने लिखने के लिए भी राजी हो गए।' कंगना और जावेद विवाद लंबे समय से चल रहा था। मामला तब का है जब कंगना और रितिक रोशन की कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हुई थी। साल 2016 में कंगना रितिक पर कई सारे आरोप पब्लिकली लगा रही थीं। जावेद अख्तर रितिक के परिवार के काफी करीबी हैं। कंगना का आरोप था कि जावेद अख्तर ने उन्हें अपने घर बुलाकर मीटिंग की। साथ ही कड़े शब्दों में समझाया कि कि ये सब बंद कर दें और रितिक से माफी मांग लें। तब कंगना जावेद की बातें सुनकर आ गई थीं लेकिन सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद कंगना ने एक शो में जावेद अख्तर के खिलाफ बयान दिया।

## Highlights

1. **Sufi saints read Quran & listened to Vedas: PM Modi at Jahan-e-Khusrau**
2. **Karnataka Minister assures uninterrupted power supply this summer**
3. **Commercial LPG prices hiked by ₹6 from today**
4. **Collector blames 3-yr-old rape victim in TN, transferred**
5. **Two killed as auto crushed between BMTC buses in Bengaluru**

# 'I am the Byju of BYJU'S': Raveendran, CEO of bankrupt edtech demands probe into EY-Glas Trust 'collusion'

**NEW DEIHI, (Agency).** Byju Raveendran, the founder and CEO of the bankrupt edtech firm Byju's, finally broke his silence, sharing an emotional post on LinkedIn. Beginning with the statement, "I am the Byju of BYJU'S," he detailed what went wrong and how the situation is being misrepresented. He said that he will now connect directly with the public, revealing that he has sold everything he owns "to keep his mission alive".

Raveendran also called for a "thorough investigation" into alleged collusion and fraud involving the firm's lender Glas Trust, consultancy firm EY, and former resolution professional Pankaj Srivastava.

"I am the Byju of BYJU'S, and I am here now. I should have been here sooner. But I was too busy building my company. Then I was too busy saving everything I built. I have long been wanting to connect with you directly. But I was waiting for justice to be done and truth to prevail. Today, I do not want to wait. Today, I cannot wait," he wrote on LinkedIn.




His statement follows a viral LinkedIn post by a whistleblower from EY India, which alleged that the audit firm worked with Glas Trust and was appointed by Srivastava to advise him on Byju's insolvency proceedings.

"Me and several employees received a document with conclusive evidence of criminal collusion between EY India, which I otherwise held in high regard, Glas Trust, which claims to represent the lenders it does not represent, and the IRP (resolution professional Srivastava) who was appointed by an Indian court to protect Byju's but ended up destroying it," Raveendran wrote. "I am sure a thorough investigation of this evidence will reveal the truth. I request the authorities to take that up immediately," he added.

# What is Akash Ambani's take on work-life balance? Jio boss reveals one 'simple funda'

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Jio Infocomm Chairman Akash Ambani, while speaking at Mumbai Tech Week, opened up about the equation of balancing work and life. In a conversation with Harsh Jain, CEO of Dream Sports, he shared a simple rule that he follows, adding that it is something that he learnt from his parents - Mukesh Ambani and Nita Ambani.

"How do you manage Jio, this amazing company and this work-life balance between them?" Jain asks. Ambani starts by thanking everyone, adding that he doesn't do a lot of public speaking. He also thanks his sister Isha Ambani and wife Shloka Mehta for being with him to "give him the confidence."



Work-life balance: What does it mean for Akash Ambani?

"Coming to balance you know, I have been very very fortunate that I have grown up with a very close-knit family," he says, adding the importance of his twin sister in his life.

"The first thing is about the values inside the family and for us the work was never looked at as the balancing part of life, it was always something which was the biggest part of our life," Akash Ambani says.

"Growing up... you know... we saw our parents both my father and mother... you know... not only try to balance family and work but make them both the biggest priorities of our lives," he continues. He adds that this is a philosophy that he has embodied while working for Reliance for the past ten years.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक